# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र — सेट-1

| कक्षा- 09 | विषय- हिंदी 'ए' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

हमारे देश में कई प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें कुछ धर्म से जुड़े होते हैं, तो कोई नए वर्ष के आगमन से जुड़े होते हैं। त्योहारों के कारण पूरा वर्ष उमंग से भरा-पूरा बना रहता है। नववर्ष के आगमन के समय तो खेत लहलहाने लगते हैं, उनकी कटाई आरंभ हो जाती है, किसान का मन भी प्रफुल्लित हो जाता है। इसी प्रकार महापुरुषों की याद में मनाए जाने वाले त्योहार हमारे मन को देशभक्ति एवं गौरव की भावना से सराबोर कर देती हैं। सभी त्योहारों के लक्ष्य एक ही हैं- हम सभी त्योहारों को मिलजुल कर एक साथ हर्षोल्लास के साथ मनाएँ और उसमें निहित अच्छे विचारों को संपूर्ण समाज में फैलाने में मदद करें। जिससे सभी धर्मों के लोगों में एकजुटता की भावना जागृत हो सके।

01.कौन-से त्योहारों के समय किसान आनंदित होते हैं?

A.धार्मिक दृष्टि से जुड़े त्योहार

B.महापुरुषों की याद में मनाए जाने वाले त्योहार

C. नववर्ष के आगमन के साथ मनाए जाने वाले त्योहार

D.इनमें से कोई नहीं

02.कौन-से त्योहार हमारे मन में देशभक्ति की भावना जागृत कर देते हैं?

A. धार्मिक दृष्टि से जुड़े त्योहार

B.महापुरुषों की याद में मनाए जाने वाले त्योहार

C. नव वर्ष मनाने का त्योहार

D.इनमें से कोई नहीं

03.सभी त्योहार का लक्ष्य क्या है ?

A.उसमें निहित अच्छे विचारों को पूरे समाज में फैलाना

B.धार्मिक प्रचार और प्रसार

C.अनुशासनहीनता के साथ खुशी मनाना

D.समाज को दिग्भ्रमित करना

04.गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दे?

A.नव वर्ष का महत्व B.देश प्रेम का महत्व

C.त्योहारों का महत्व D.इनमें से कोई नहीं

05.'उमंग' शब्द का पर्यायवाची है

A.खुशी B.उल्लास C.देशभक्ति D. सराबोर

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रशन संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

मैं जब अकेला होता हूँ,मुझे मेरी माँ का प्यार याद आता है,

सोचकर वक्त के उस दौर को मेरा रोम-रोम हर्षित हो जाता है,

याद आता है जब माँ मुझे सप्रेम खिलाती थी,

दुलारती हुई सी वह मुझे गोद में बिठाया करती थी,

नाज-नखरो को भी वो मेरे तब हँस-हँस के उठाया करती थी ।

बेटा मेरा शेर बनेगा कहती हुई वह मुझे दूध पिलाया करती थी।

याद आता है जब कभी मैं डरता था,

ममता भरे-आँचल में वो मुझे छुपाया करती थी,

06.कवि को अकेले में किसकी याद आती है?

A . माँ की B.पिता की C.भाई-बहनों की D. दोस्तों की

07.'नाज नखरे उठाना' मुहावरे का अर्थ है

A. प्रेम करना B.हर तरह की इच्छा पूरीकरना

C.शरारती बनाना D.नाजुक बनना

08.दूध पिलाते समय माँ कवि को क्या कहती थी?

A. जल्दी-जल्दी दूध पियो B. दूध पियो नहीं तो कमजोर हो जाओगे

C. बेटा मेरा शेर बनेगा D. बेटा मेरा अफसर बनेगा

09.कवि के डर जाने पर माँ क्या करती थी?

A.उसका मजाक उड़ाती थी B.उसे डरपोक समझती थी

C.उसे डांटती थी D.अपने ममता भरे आंचल में छुपा लेती थी

10.प्रस्तुत कविता का उचित शीर्षक दे?

A. माँ का प्यार B.माता का अंचल

C.माँ की ममता D. उपर्युक्त सभी

**खंड-ख (व्याकरण)**

11. जो शब्दांश किसी शब्द के पहले जोड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं देता है उसे --- कहते हैं

A.उपसर्गB.प्रत्यय C.रूढ़ D.यौगिक

12. 'सुनारिन'शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

A.आई B.आईन C.इन D.इन

13.'आकाश' का सही पर्यायवाची है--

A .पक्षी B.गगन C.धरती D.आग

14. 'सीता आम खाती है' -वाक्य में 'ने' परसर्ग के प्रयोग से कौन-सा परिवर्तन होगा?

A.सीता ने आम खाई B.सीता ने आम खाया

C.सीता आम को खाती है D.सीता से आम खाया नहीं जाता

15.'चार लीटर दूध'मेंविशेषण शब्द है-

A.चारलीटर B.चार C.लीटर D.दूध

16.राम ने समय पर काम पूरा किया-रचना के आधार पर वाक्य भेद बताएँ?

A. सरल B.संयुक्त C.मिश्र D.उपवाक्य

17. 'मोहन ने कहानी सुनाई और सोहन हँसने लगा'-रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताएँ?

A.सरल B.संयुक्त C.मिश्र D.उपवाक्य

18.'नौ दो ग्यारह होना'- मुहावरे का सही अर्थहै-

A. बेईमानी करनाB.खड़े रहना C.भाग जाना D.बैठ जाना

19. 'लड़का अच्छा है'-इस वाक्य में वचन बदल देने पर विशेषण पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A.लड़के अच्छे हैं B.लड़कियाँ अच्छी हैं

C.लड़की अच्छी है D. लड़की में अच्छाई है

20.विशेषण पद के द्वारा जिसकी विशेषता बताई जाती है, उसे क्या कहते हैं?

A. विशेषण B.क्रिया विशेषण C.विशेष्य D.विशिष्ट

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 21-30 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

मोको कहाँ ढूंढे बंदे,मैं तो तेरे पास में।

ना मैं देवल ना मैं मस्जिद ना काबे कैलाश में।

ना तौ कौने क्रिया-कर्म में नहीं योग बैराग में।

खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं,पल भर की तालास में

कहैं कबीर सुनो भई साधो, सब स्वांसो की श्वास में

21.प्रस्तुत पद के रचनाकार कौन है?

A.कबीरदास B.तुलसीदास C.रैदास D.सूरदास

22.मनुष्य किसे ढूँढ रहा है?

A.धन को B.प्रसिद्धि को C.ऐश्वर्य को D.ईश्वर को

23.'बैराग' का मतलब है?

A.विरागीB.वैराग्य C.विहार D.विराजमान

24.पद में किन दो तीर्थ स्थलों के नाम आए हैं?

A.काबा और काशी B.काबा और कैलाश

C.मक्का और कैलाश D.इनमें से कोई नहीं

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

25.'सब सांसों की श्वास में'इस पंक्ति का क्या अर्थ है?

A.ईश्वर सभी जीवो में कण-कण में रहते हैं B.ईश्वर कहीं नहीं रहते

C.हम साँस लेते हैं D.सांस लेने में हमें तकलीफ होती है

26.मानसरोवर में कौन विहार करते हैं?

A.मछलियाँ B.हंस C.मगरमच्छ D.मनुष्य

27.कबीरदास का जन्म कब और कहाँ हुआ?

A.1398ई.काशी में B.1398ई. बनारस में

C. 1298ई.मथुरा में D. 1298ई.उज्जैन में

28.इनमें से कबीर की रचनाओं का संग्रह कौन है?

A.बीजक B.साहित्य लहरी C. काव्य रसायन D.रामायण

29.'पखापखी'का क्या अर्थ है?

A.लड़ाई-झगड़ा B.सुख-दुख C.सगुण-निर्गुण D.पक्ष-विपक्ष

30. संसार को किसके समान बताया है?

A. हाथी के समान B.चींटी के समान

C.कुत्ते के समान D.बिल्ली के समान

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 31-35 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

आज दोनों के सामने फिर वही सूखा भूसा लाया गया। दोनों चुपचाप खड़े रहे

घर के लोग भोजन करने लगे

उस वक्त छोटी-सी लड़की दो रोटियाँ लिए निकली,और दोनों के मुँह में देकर चली गई। उस एक रोटी से इनकी भूख तो क्या शांत होती,पर दोनों के हृदय को मानो भोजन मिल गया। यहाँ भी किसी सज्जन का वास है।

लड़की भैरव की थी।उसकी माँ मर चुकी थी। सौतेली माँ उसे मारती रहती थी, इसलिए इन बेलौं से उसे एक प्रकार की आत्मीयता हो गई थी।

दोनों दिन-भर जोते जाते, डंडे खाते,अड़ते। शाम को थान पर बांध दिए जाते और रात को वही बालिका उन्हें दो रोटियाँ खिला जाती।

प्रेम के इस प्रसाद की या बरकत थी कि दो-दो गाल सूखा भूसा खाकर भी दोनों दुर्बल न होते थे,मगर दोनों की आँखों में,रोम-रोम में विद्रोह भरा हुआ था।

31.छोटी सी लड़की रात को दोनों को क्या खिला जाती थी?

A.रोटियाँ B.भूसा C.चोकर D.खल्ली

32.लड़की के पिता का क्या नाम था?

A. गया B.झुरी C.भैरो D.इनमें से कोई नहीं

33.सौतेली माँ उसेके साथ कैसा व्यवहार करती थी?

A .उससे स्नेह करती थी B.उसे मारती थी

C.उसे घर से बाहर निकाल देती थी D.उससे बात नहीं करती थी

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

34.दोनों बैलोंके साथ कैसा व्यवहार किया जाता था?

A.वे दिनभर जोते जाते और डंडे खाते थेB.वे दिनभर आराम करते

C.वे दिनभर खाना खाते थे D.दिनभर सोते थे

35.उपर्युक्तगद्यांश के लेखक कौन हैं?

A.प्रेमचंद B.राहुल सांकृत्यायन

C.जाबिर हुसैन D.चपला देवी

36.तिब्बत की औरतें चाय किसमें कूटती थी?

A.चोड़ी B.चौड़ी C. चोंगी D.चौंगी

37.लेखक गलत रास्ते पर कितने मिल चला गया?

A.मील-डेढ़ मील B.एक मील C.दो मील D.तीन मील

38.शेकर विहारमेंकन्जूर(बुद्धवचन-अनुवाद) की कितनी हस्तलिखित पोथियाँ थी?

A.101 B.102 C.103 D.105

39.लेखक लंड्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण बिछड़ गया?

A.लेखक आराम करने लगा

B.लेखक आगे नहीं जाना चाहता था

C.लेखक का घोड़ा धीमा चलने लगा और रास्ता भटक गया

D.इनमें से कोई नहीं

40.वृंदावन की नदी का साँवला पानी किसकी याद दिलाता है?

A. यशोदा जी B.कृष्ण की C.गोपियों की D.बलराम की

*****